सभा या परिषद्

की

आवश्यकता.

इस विषय पर

श्री श्वेताम्बर साधुमार्गी जैन धर्मोपदेशक

पंडीतरत्न श्री आत्मारामजी महाराजने

कसुर (पंजाब) में

ता. ३० डिसेम्बर, सन १९१० को

मागधी भाषामें किया हुआ

जाहेर व्याख्यान

(हिंदी भाषान्तर सहित)

जिसको,

अमृतसर निवासी लाला वसंतामलजीने

शहर अहमदाबाद के

शाह वाडीलाल मोतीलालके 'भारतबन्धु प्रिंटिंग वर्क्स' में

छपवा कर प्रसिद्ध किया.

प्रथमावृत्ति. प्रत १०००

सप्टेम्बर, १९११.

मूल्य—सदुपयोग.

साधुपरिषद्की रिपोर्ट.

यह हिंदी पोथीमें, विद्वान साधुओंकी सभामें खुद साधुओंने किये हुवे संस्कृत और हिंदी व्याख्यानें छप गये हैं. छ आना मूल्य था मगर अब तो हरकोइ साधुजी, साध्वीजी, सभा, लाइब्रेरी और संघको अथवा धर्मप्रेमी उनको विनामूल्य मिल सकती है. शीर्फ पोस्टेज ०)- भेजना चाहिये.

पताः—जैनसमाचार आफिस, दाना पीठा, अहमदाबाद.

यह पुस्तक विनामूल्य मिलनेका पताः-

लाला बसंतामलजी, सेक्रेटेरी, S. S. जैन सभा.

अमृतसर (पंजाब.)

खुश खबर.

दशवैकालीक सूत्र
उत्तराध्ययन सूत्र
विपाक सूत्र, वगेरा, वगेराः
इत्यादि सूत्रों बीलकूल मुफतमें मिलते हैं.

आपको चाहिये तो "जैनसमाचार" आफिस—दाना पीठा—अहमदाबाद" इस पते पर ०॥ आनेकी पोष्ट टीकीट भेज दो. वहांसे सब हकीकतका एक छोटा पुस्तक आपको भेजा जायगा,

---

☞ कार्ड—लीफाफा—पोथी—कुमकुम पत्रिका वगेरा जो कुछ छपाना हो अपने स्वधर्मीके छापेखानेमें अहमदाबाद भेजना चाहिये.

ओरम्

णमो समणस्स भगवओ महावीरस्सणं

सभाविषय.

विदित भवे सव्वे भद्द पुरिस्साणं धम्मस्स णं उन्नति अठे परि सम्मं करित्तए अरहे पियमित्ता सभाणं अभावउ पुणं धम्मस्सणं उन्नतिणंत्रि अभावे पासह पुव्वंकाले सव्व कज्जाणं सभाय करंति रायपसेणी सुत्ते एवं वागरेति–तंजहा–चत्तारि परिसाउ पणंत्ता–तं–खत्तिय परिसा १, गाहावइ परिसा २, माहण परिसा ३, इसि परिसा ४ पुव्वउत्तं परिसा अहानीए हंदं अत्थि–वा–सुत्त भगवइ वा ठाणांग सुत्ते एवं भासंति–पाय सव्वइंद्राणं वा देवाणंतिण्णि २ परिसा अत्थि–सेजहा नामे–अभिंतरिया समिया १ मज्झिमा चंडा २ वाहरिया जाया ३ तिण्णिपरिसा अहानाय वदंती अम्हाणंत्रि अरहे–सभाणं वुद्दि अट्ठे पुणो २ उज्जमं कहेह–पासह–देविढी गणि खमासमणेण के नामे व सभा किञा के नामे व परिसम्मं कट्टु–जस्सणं सुपरिणामे भुया जिणमग्गेणं परम पगासभूया जस्सणं पहावउ–वय मज्ज दिवसे जिणमग्गस्सणं सव्वे नायंति से किवा पुव्वउत्तं महप्पाणं सभाणं उदितं सुंदर सुंदर पत्थाव वंधेज्ज पुणो तस्स पत्थावाणं पालेज्ज पुणो धम्मस्स णं वुद्दि भवति-पासह-सिरि विवाह पण्णत्तिस्सणं चउदसे सत्ते–जइ इं दस्सणं–अमुए कज्जेसमुपज्जति–तो–अभिंतरियाणं परिस्साणं से कज्जे समुल्लावेति सेपरिसा मज्झिमियाणं परिसाणं से कज्जे परिकहेति मज्झिमिया परिस्सा वाहिरिया परिसाणं आणाय करंति सेपरिसा सयदासोणं पुव्वउत्तं आणायदलेंति से दासे सय दासाणं आणाकरंति सिग्धं कज्जे पुण्णं भवति

पुव्वउत्तं सुत्ते सिद्धं करेति-जो कज्जं जस्सणं अरहे से वरेज्ज कज्जस्सणं वा सभाणं परम सोहा भवति सुत्ताउणं पयड भवति पुव्व काले सावया एगउ टाणंमिलि २ त्ता तउ पच्छा मुणि समीवे गछे आसि किन्तु सव्व भा सभाउ सुहम्म सभा परम सेठे पासह वितियंगे सभा सुहमाण सभाण सेठाजो पुरिसे सभाणं सम्मं पयारउ नियम नो पालेति सेणं दसा चमरइंद मिव भावति अयंठे सभाणं पत्थाव सम्मं पयारउ जाणित्तए वागिण्हित्तए उदित्तं-किन्तु पत्थाव-वा सभावइ-वा कज्ज वाहग सुंदर भवित्तए-सभा वा परिसा एगट्ठे सभाणं वइणं अरहे अहायोगे कज्ज वाहयाणं धण्णवाय वा सिरका दलि-त्तए जहा उवासग दसाए भगवतेण धण वाय दच्चा-वा ततीयंगे देवे परोप्परं धण्णवाय वासि कच्चा दलयंति सभाणं वुठिकया भवति-जया पेम भाव परोप्परं भवे.

प्रमभाव विषय.

पेम भाव सव्व काज्जाणं साहण भूए पेम भाव आयाणं दोसा णं अवहरेति पेम भाव परोप्परं मित्ति भाव उप्पन्नं करेति पेम भाव मणस्सणं विसोहि करेति पेम भाव सव्व संपयाणं वुद्धि करेति से जहा नामे सलिलं वच्छेणं वुद्धि करेति-देवाणुप्पिया-साहम्मीयाणं भत्ति रक्का गुणकि। त्तण पुणो पुणो पेम भाव उप्पन्न करेति जइ। तिण्हं साहाणं परोप्परं पेम भावं कडेज्ज वेसं जहे पुणो तिण्हि साहा एगउ भवित्ता पुणो धम्मस्सणं उद्धरणं करेज्ज तो खिप्पं जिण मय-स्सणं उदय भवेज्जा-पासह-पाय तिण्हि साहाणं मूल सिद्धंते एगे-सेजहा नामे पंचत्थि काय काल दव्वे नवतत्ता इच्चादि किन्तु किरि-या मेदे अत्थि देवाणुप्पिया-मू मूल सिद्धं तेणं गिण्हिइत्ता परोप्परं पेम भाव सद्धिं वट्टणा रहे तिण्हि साहाणं अरहे एवा मेवं

पत्थावं वंधेज्ज जहानिदायुत्ते लेह नो मुद्दिए भवे सुण्णु जगा किं तुम्भेणं जिग मयस्सणं पुव्व वत्थाणुप्पेहित्ता दुःखंनो भवति हा सोगं सव्व मग्गाउ जिण मग्गे परम सुंदरे किन्तु सय वेसेणं पहावेहितो मज्ज दिवसे वह वेजणा एवं वदंति जैन मतं नत्थिक मत्त असुइणं मते जैणीसया असुइ भवंति देवाणुप्पिया इच्चादि सदे वहवे जणा किं भासंति केवल सए वेसेणं पहावउ किन्तु जिण मग्गे नत्थि नत्थिक मते नत्थि असुइणं मग्गे पासह विवाह पण्णती आवस्सए नसीह सुते इच्चाइ जइसिरि संघे तिण्हि साहा परोप्परं पेम भावं पयड करेज्ज पुणोविज्जाण उन्नति करेज्ज तो किं पुणो जिणमग्गे उन्नइ भावसणं णो भवेज्जा अवस्स मेवं भवेस्सति पियमित्ता दाणि समय दोसेणं नत्थि वेरेणं नत्थि निंदाणं नत्थि दोसारोवेणं नत्थि पिठिमंसियाणं नत्थि इयाणि समय संत्ति भावस्सणं पेम भावस्सणं परोप्परं अविरोहिए भावस्सणं अम्हाणं अरहे पेम भाव सद्धिं वट्टित्तए जिण वाणीस्सणं पयारं करित्तए इमे मम आसा तिण्हि साहा अंतो वा पत्तेय २ साहा अंत्तो सिरि जिणिंद देवेणं पहावउ वेसंनठं भवे पेम भावं पयडं भवे जस्सणं पहाउ विज्जाणं उन्नति भवे.

विद्याविषय.

जाव काले विज्जाणं उदयणो भवेज्जा ताव काले धम्मस्सवि उदय भावस्सणं पत्तणो भवेज्जा धम्मस्सणं मूले अहिंसा दयाणं कारण नाणं पासह दसवियालिय सुत्तस्सणं पढमं नाणं तउ दया— नाणं कया भवति पाय वि ज्जानो किं-ततीय मंगेइमे सुत्ते संति भगवता तिविहे धम्मे पण्णत्ता तंजहा सुअधिज्जते १ सुझातिते २ सुत वस्सिते ३ अहवा तिहिं ठाणेहिं समणे निग्गंथे महा निज्जरे महापज्ज वसाणे भवति-जस्सणं पढमं ठाणं इमे-कयाणं अहं अप्पं

वा बहुंवा सुयं अहिझिस्सामि १ महापुरिस्सा देवेवि पच्छा तावं करेति जहा ततीयंगे-अहोणं मते संते बले संते पुगि सकार परिक्कमे सुखे मं सुभि कम्वंसि आयरिय उवझाएहिं विज्झमाणेहिं बहुमसीरेणं णो बहु सुत्ते अहिते २ उत्तरा अझयण सुयस्सण सत्तरस्से अझयणे अयंजंपइ जे केइ पव्वइय निहा सीलेपगामसो भुच्चापिच्चा सुहं सुवइ पाव समणेत्ति वुच्चई ? दस वेयालिय सुत्ते उमे वागरेति असण पाणं खाइमं साइमं छंदिय साहम्मियाण भुंज्जे भुच्चा सज्झायरय जे स भिक्खू १ समणे भगवं महावीरे अंग सुयाणं अय भासंति अह सुकि- ज्जा चरणंच्चमोखं दोवेहिं कारणेहिं संसारं विति नत्तेज्जा विज्जाए चेव चरणेणं चेव-जाव काले जिनमते विज्जाणं उन्नतिणो भविस्स- ति ताव काले जिण मयवि उदय भावस्सणो पत्तं भवेज्जा-पासद पण्हवा गरण वा अणुउग दागउ-बारस्स विहि भासा सोलस्स वयण संधि पय हेतु उणाइ किरिया विहाण वण्णसर विहि विमत्ति इच्चादि णं अरिहंत मणुनायं अणुउगदारे भावपमाणे चउविहे पण्णत्ता समा- सिए १ तद्धिते २ धातुए ३ निरुत्तिए ४ अहवा अठविहा वयण विभत्ति सुवपच्चय इच्चादि अहवा सक्कया पागया चेव भणिइउ होंति दुन्निवि सर मंडलं मिगिज्जंते पसत्थाइ सि भासियाइं १ अण्ण सुयाणंवि अणेगे पमाणं जाव विज्जा अहि झित्तए जोगे- जिहित्थाणं सुत्त मझे सोलस्स संसकारे सिद्धं हावंति गब्भाहाण १ पुंसवन २ जम्म ३ चंदसूरियं दंसण ४ खीरासण ५ छठी जागरणा ६ सु । इकम्मे ७ नाम करण ८ अण्ण भोगे ९ कण्ण विहण १० चूला कम्मं ११ उवणयण १२ विज्जारंभ १३ विवाहे १४ वयारोवे १५ अपछिमा मारणंतिय संलेहणा जाव अंत कम्मे १६ इमे संम २ कारेणं इमे सुताणं मझे वित्थारे अत्थि तं जहा उव वाइए राय पसेणी जीव आयारे नाया धम्म कहाए विवाह पण्णत्तिए अंतगड दसाउ

जंबूद्दीव पण्णत्ति इत्यादि सूत्रमध्ये सोलस्स संसकारागणं संपुण्णं सरुवे अत्थि उवणय पण संसकारागए पच्छा विद्यारंभ संस्कारे भवति णायसुत्र धम्म कहाणं पढमंअज्झयणे मेहकुमारास्सणं अधिकारे मेह कुमारस्सण अम्मापियरो साइरेगं अट्ठवासगंजायगंजाणित्ता-सोभणंसि तिहि करण दिवस नक्खत्त महुत्तंसि एरागं जाव सव्वालंकार विभूसियं करित्ता महया इड्ढि सक्कारसमुदायणं कलायरियस्सणं उवणेति ततेणंसे कलायरिए तं मेहकुमारस्स बावत्तरिकलाउ सुत्ततोय अत्थ उयकरणउ सिक्खावेति-तंजहा-लेहं १ गणियं २ रूवं ३ नट्टं ४ गीय ५ वाइय ६ सरगयं ७ पुक्खरगय ८ समताल ९ जूयं १० जणवायं ११ पासगं १२ अट्ठावयं १३ पोरकव्वं १४ दगमट्टियं १५ अन्नविहि १६ पाणविहिं १७ वत्थविहिं १८ विलेवणविहि १९ सयणविहि २० अज्ज पहेलिय २१ मागहियं २२ गाहा २३ गीइयं २४ सिलोगं २५ हिरणजुत्ति २६ सुवणजुत्तिं २७ गंध जुत्तं २८ चुण्ण जुत्ति २९ आभरण विहिं ३० तरुणि पडिकम्मं ३१ इत्थीलक्खणं ३२ पुरिसलक्खणं ३३ हयलक्खणं ३४ गयलक्खणं ३५ गोणलक्खणं ३६ कुक्कुटलक्खणं ३७ छत्तलक्खणं ३८ चक्कलक्खणं ३९ दंडलक्खणं ४० असिलक्खणं ४१ मणिलक्खणं ४२ कागणिलक्खणं ४३ वत्थुविज्जं ४४ नगरमाणं ४५ खंधावारमाणं ४६ चारं ४७ पडिचारं ४८ वुहंपडिवुहं ४९ चक्कवुहं ५० गरुलवुहं ५१ सगडवुहं ५२ जुद्धंनि जुद्धं ५३ अट्ठिजुद्धं ५४ मुट्ठिजुद्धं ५५ बाहुजुद्धं ५६ लयाजुजुद्धं ५७ इसत्थं ५८ छरुप्पवायं ५९ धणुव्वेदं ६० हिरणपागं ६१ सुवन्नपागं ६२ मणिपागं ६३ धाउपागं ६४ सुत्तखेडं ६५ वट्टखेडं ६६ नालियाखेडं ६७ पत्तछेज्जं ६८ कडगछेज्जं ६९ सजीवं ७० निजीवं ७१ सउणरुय ७२ सिति तएणंसे कलायरियए मेहकुमारांस्सणं लेहाइयाउ गणियप्पहाणउ सउणरुयपज्जवसाणाउ बावत्तरि

कलाउ सुत्तउय अत्थउय गंथउय करणउय सिखावेत्ता अम्मापियरणं उवणेति अम्मापियरो तं कलायरियं विउलं पीतिदाणं दलित्तापडि विसज्जइ तउपछा मेहकुमारे अठारस्स विदेसी भासाविसारए भूया निण्णलिहिए विदेसी भासा-तं-खुज्जा-चिलाए-वामण वडभिएबब्बर वउसे जोणिय पण्हविए इसिणिय चारुय लासा लउ सिय दमिल सिहला आरव्व पुलिंद पक्कणीय मरुंडि सवरी पारसी वानाणाविदेस भासा विसारएजाव भूय पियमित्ता अयं अझयणविहि तंदुलवियलिय गंथेएवंलिहेति वास वीसाइं विज्जाए गिएहए सुतमझे महिलाणंवि चउसठि कलायणत्ता-से-वि-अझयणाइ-पासह-जिएमयस्मणं पुव्व केवत्था आसीइयाणि समयके पाय आयरियदेसे सव्वते जिणिंद देवेणं नादेहोत्था-सहस्साइं मुणि नवाइं २ पोत्थेयरयंतिदेसेणं संव आसी इयाणि समयपाय जिणमय पढमतोअत्थि अप्पं पुणो परोप्परं वेसं भावं वहु किरियाभेदे वहु--हा--के--कस्टेणं समय-हे वद्दमाण समयतं-खिप्पंगश्चह से समगपयड भवे जस्सगं समय पुव्वं समाणे जिण धम्मस्सणं उदयभवे-उदय केणपयारउ भवेज्जा केवलविज्जातो विज्जाणंकिंसारे--देवाणुप्पिया विज्जाणं आयार सुद्धि सारे आचार शुद्धि विषय--जावकाले आयार विमोहिणो भवति तावकाले आया विसोहिस्सणं मग्गाउ परंमुहेचिठति-सयायारी पुरिसे धम्मस्सणं अरहे भवति--सयायारी पुरिसे विज्जाणं अरहे भवति सयायारी पुरिसे देसेणं हिएसी भवति--सयायारी सइपरोपगारं करेति--सइयारीपुरिसे मोकखे गछति-सयायारी पुरिसे ही धम्मस्सणं महमाकारए भवति--सयायारस्सणं किलखणं-सयायारी सव्वेवसण चयति-- सयायारी-पुरिसे अनायाउणो वावारे करेति-नो उक्कोडिए गिएहति--अहवाहिंसए नराणं सद्धिणोवा वाडे करेतिसव्व वंभ चेरस्सणं सया ही पालेति आयाणं सयाही नाणाउ विसोहि

करेति पिय मित्ता आयार विसोहि अरहे अवस्समेव करित्तए केवल विज्जाउ आयार विसोही भवति तस्सट्टे विज्जा अवस्समेव अरहे अहि झित्तए पासह विवाहपण्णंति सुत्तेकिं भासति सुय संपन्ने पुरिसेनो सीलसंपन्ने सेणं देसविराहेपणत्ता--सुयसंपन्ने सीलसंपन्ने पुरिसे सव्वा राहेपणत्ता अहंकंक्खा .करेमि सिरिजिणिंद देवेणं वहावउ सिरिसंघ मझेविज्जा वा । आयार विसोही सिघं केवल पाउर भूयभवे जस्सणं वहावउ सव्वाराहे भवित्ता खिप्पं मुत्तिउवलद्ध भवे.

उक्त लेखका

हिंदी भाषान्तर.

नमस्कार हो श्री श्रमण भगवन् वर्द्धमान स्वामिजीको !

सभा विषय.

विदित होवे सर्व भद्र पुरुषोंको धर्मकी उन्नतिके अर्थ सभाकी परिश्रम करना उचित है. प्रिय मित्रो ! प्रायः सभाके अभावसे पुनः धर्मोन्नतिका भी अभाव होता है. देखीये ! पूर्व काल (जो कि परम पवित्र समय था) में सर्व कार्य सभाय करती थी. राय प्रश्रेणी नामक सूत्रमें लिखा है कि, चार परिषदांय होती है. जैसे कि, क्षत्रिय परिषद् १, गथापति परिषद् २, ब्राह्मण परिषद् ३, ऋषि परिषद् ४. उक्त परिषदोंका उक्त सूत्रमें ही यथायोग्य न्याय भी कथन किया गया है. अथवा सूत्र भगवति वा सूत्र ठाणांग वा सूत्र जीवाभिगमादिमें लिखा है कि, प्रायः सर्व इन्द्रो कीवा देवतोंकी तीन २ परिषदांय है. जैसे कि, अभ्यंतरिय परिषद्–१, मध्यमिम परिषद्–२, बाह्य परिषद्–३ ये तीनही परिषदोंके तीन ही नाम है. जैसे कि, सम्मत–१, चंड–२, यात्त्व–३. सो उक्त तीन ही परिषदें यथा न्यायसे वर्त्तीया है, सो हमको भी योग्य है कि सभा की वृद्धि अर्थ पुनः पुनः उद्यम करें. देखीये, देवर्द्धि गणि क्षमा श्रमणजी महाराजने कैसी सभा

कीथी जिसका कैसा सुपरिनाम हुआ है? अर्थात् भगवन वर्द्धमान स्वामिके ९८० वर्षके पश्चात् यह आचार्य हुये है. इनोंने एक सभा कीथी तिसमें बहुतसे कार्ण ज्ञान व्यवछेद होनेके दिखलाये. फिर तिस सभाकी सम्मति अनुसार ज्ञान पुस्तकारुढ किया. जिसके प्रतापसे जिन मार्गका परम प्रकाश हुआ तथा जिनके प्रभावसे हम आज दिन जिन मार्गके स्वरुपको जानते है सो उक्त कृपा उक्त महात्माजीकी है: न तु अन्यकी. किन्तु सभाको उचित्त हे कि सुंदर २ प्रस्ताव बांधे. पुन: तिन प्रस्तावोंको पालन करें, फिर धर्मकी वृद्धि हो सकति है. देखीये, श्री विवाह प्रज्ञति सूत्रके १४ वे शतकमें लिखा है कि, यदि इन्द्रको अमुक (वर्षादि) कार्यकी इच्छा उत्पन्न होती है तो अभ्यंतरिय परिषद्के वासी देवतोंको वह कार्य कहा जाता है, कार्य उक्त देव ते मध्य परिषद्के वासी देवतोंको कहते हैं, मध्य सभाके वासी देवते उस कार्य के लिये बाह्य परिषद्के वासी देवतोंको आज्ञा करते हैं, वह परिषद्के वासी देवते स्व: दासोंको उक्त आज्ञा करते हैं, वह स्व: दास अपने स्व: दासोंको उक्त कार्य करनेकी आज्ञा देते हैं सो वह कार्य शीघ्र हो जाता है. पूर्वोक्त सूत्र सिद्ध करता है कि जो कार्य जिसके योग्य होवे वह ही करे जो कार्य की व सभाकी परम शोभा होती है.

सूत्रोंसे प्रगट होता है कि, पूर्व कालमें श्रावकजन प्रथम एक स्थानपर एकत्र हो कर फिर सम्मत्यानुसार मुनिओंके समीप व्याख्यान सुननेको जा आ करतेथें. द्वितियांगमें यह भी कथन है कि सब सभाओंसे स्व:धर्मी सभा परम श्रेष्ठ है इस लिये स्व:धर्मी सभाका होना अत्यावश्यकीय है.

जो पुरुष सभाके सम्यक् प्रकारसे नियम नही पालता हैं तिसकी दशा चमर इन्द्रवत् होती है. जैसे कि सूत्र भगवतीमें लिखा

है कि, जब चमर इन्द्र स्वःराजध्यानिमें उत्पन्न हुआ तो प्रथम ही अवधि ज्ञान करके उर्द्ध लोकको देखा तो निश्चय हुवा है कि शक्र इन्द्रके पाद मेरे मस्तको परि है. तब सभाके वासी देवतोंके पूछनेसे निश्चय हुआ कि, शक्रेंद्र महा भाग्यशाली है, पुन्य पुज्य है. किन्तु चमर इन्द्रने मनमें ये ही निर्णय किया कि मैं अभि इसको स्वर्गसे पतित कर दुंगा. परंतु सभाके वासी देवने फिर विज्ञप्ति करने लगे कि हे महाराज ! यह शक्रेन्द्र स्वर्गसे कदाचित् भी पतित नही होवेगा. क्यों कि यह अनादि स्थिति है. फिर भी चमर इन्द्र सभाके वासी देवतोंकी न मानता हुआ एकला ही उर्द्धलोगको चला गया. जब शक्रेन्द्रने चमर इन्द्रको आते हुए को देखा तो चमरोपरि वज्र चलाया. चमर इन्द्र वज्रको देखके भयभीत होता हुआ उर्द्ध पाद अधो शिर करके वहांसे भागा, मुकट टूट गया, कक्षे प्रस्वेदयुक्त हो गइ. परम कष्ट सहना पडा सो केवल सभाके वासी देवतोंकी न माननेसे ही यह दशा प्राप्त हुई. इस लिये सभाके प्रस्ताव सम्यक् प्रकारसे धारन करने चाहिये किन्तु सभापति वा सभाके प्रस्ताव सुन्दर होने चाहिये. सभा वा परिषद्का एक ही अर्थ है परंतु सभापतिको योग्य है कि कार्यवाहकोंको यथा योग्य धन्यवाद वा शिक्षा देवें. जैसे कि, सूत्र श्री उपासक दशांगमें श्री श्रमण भगवन् वर्द्धमान स्वामिने श्रावक कुंडकोलीयजीको वा कामदेवजीको धन्यवाद दिया है तथा तुनीआंगमें लिखा है कि सभामें देवते भी परस्पर धन्यवाद व शिक्षा देते है सो सभाकी वृद्धि प्रेमभावसे होती है. इस लिये परस्पर प्रेमभाव अवश्य ही करना चाहिये.

अथ प्रेमभाव विषय.

प्रेमभाव सब कार्योंका साधनभूत है; प्रेमभाव आत्माके

दोषोंको दूर करता है, प्रेमभाव परस्पर मैत्री भावको उत्पादन करता है, प्रेमभाव मनकीभी शुद्धि करता है, प्रेमभाव सब संपदा-ओंकीभी वृद्धि करता है. जैसे सलिल वृक्षकी वृद्धि करता है. हे देवतोंके भी वल्लभजनो ! स्वः धर्मीओंकी भक्ति वा परस्पर रक्षा गुन किर्तन पुनः पुनः प्रेमभाव उत्पन्न करता है. यही जैन मतकी तीन ही शाखें (जैन मतकी संप्रदायोंमें तीन शाखें है जैसे कि, श्वेतांबर साधुमार्गी जैन-१, श्वेतांबर संवेगमार्गी जैन-२, दिगंबर जैन-३) परस्पर प्रेमभाव करें. परस्परके द्वेषको छोडे. फिर तीनही शाखें एकत्व होकर पुनः धर्मोद्धार करें तो शीघ्रही श्री जैन मतका उदय हो सकता है. क्योंकि, प्रायः तीनही शाखोंका मूल सिद्धान्त एक है. जैसे कि. पंचास्तिकाय धर्म-१, अधर्म-२, आकाश--३, पुद्गल-४, जीव--५, काल द्रव्य--६. नव तत्त्व जैसे कि, जीव तत्त्व -१, अजीव तत्त्व--२, पुण्य तत्त्व--३, पाप तत्त्व--४, आश्रव तत्त्व--५, संवर तत्त्व ६, निर्जरा तत्त्व--७, बंध तत्त्व--८ मोक्ष तत्त्व--९, तथा सप्त नय चतुर्निक्षेप चतुर्गत्यादि एक है किन्तु क्रियाभेद अवश्य है. सो हे देवानुप्रियो ! मूल सिद्धान्तको ही ग्रहण करके परस्पर प्रेम भावके साथ वर्त्तना योग्य है. तीनही शाखोंको योग्य है ऐसे २ प्रस्ताव बांधे जिस प्रकार निंदायुक्त लेखही मुद्रित न होवे ! सुज्ञ जनो ! क्या आपको जैन मतकी पूर्व व्यवस्थाको अनुप्रेक्षण करके दुःख नही होता है ? हा. शोक ! सब मार्गोसे जिन मार्ग परम सुन्दर है. किन्तु स्वः द्वेषके ही प्रभावसे आज दिन बहोतसे लोक ऐसे कहते है वा कहने लग गये है कि, यह जैन मत नास्तिक मत है वा अशुचिका मार्ग है. हे भद्रो ! इत्यादि शब्द बहुतसे लोक क्यों भाषण करते है ? केवल स्वःद्वेषका ही यह प्रभाव है. किन्तु जैन मत नाहि नास्तिक मत है क्यों कि

नास्तिक वह होता है जो पुन्य, पाप, नरक, स्वर्ग, जीव, इश्वरादि-को न माने. जैन मत तो उक्त कथनको सविस्तरतासे मानता है. तो फिर यह क्यों कर नास्तिक है ? अर्थात् यह जैन मत नास्तिक मत नही है. देखीये, विवाह प्रज्ञप्त्यादि सूत्र नाही यह जैन मार्ग अशुचिका मार्ग है. देखीये, विवाह प्रज्ञप्ति सूत्र, आवश्यक सूत्र, नशीथ सूत्र, ठाणांग सूत्र इत्यादि सूत्रोंमें शुचिका सविस्तर स्वरुप है. उदाहरण मात्र नशीथ सूत्रमें लिखा है कि. यदि महात्मा शुचि पुरीषादिकी न करे तो लघु मासादि प्रायश्चित तिस महात्माको आता है.

यदि श्री संघमें तीन ही शाखें परस्पर प्रेम भावको प्रादुरभूद करें पुनः विद्याकी उन्नति करें तो क्या फिर यह जैन मार्ग उन्नति भावको प्राप्त न होवेगा ? अवश्यमेव ही होवेगा.

प्रिय मित्रो ! यह समय परस्पर द्वेषका नहि है, वैरका नही है, निंदाका नही है, दोषारोपनका नही है, पैशुन्नताका नही है; किन्तु यह समय तो शान्तिभावका है, प्रेमभावका है, परस्पर अविरोधी भावका है, सो हमको योग्य है. प्रेमभाव साथ वर्तना, फिर जीन वाणीका प्रचार करना, यह मेरी आशा है कि तीनही शाखोंमें वा प्रत्येक २ शाखमें श्री जीनेन्द्र देवजीके प्रभावसे परस्पर द्वेष होना नष्ट होवे, प्रेमभाव प्रगट होवे. जिसके प्रतापसे जिन मतमें फिर विद्याकी उन्नती होवे.

अथ विद्या विषय.

यावत् काल विद्याका उदय नही होता तावत् काल धर्मका भी उदय नही हो सकता. क्यों कि धर्मका मूल अहिंसा है. और दयाका कार्ण ज्ञान है. दशवैकालिक सूत्रमें लिखा है कि प्रथम ज्ञान, तत्प-

श्चात् दया होती है. सो ज्ञान प्रायः विद्यासे ही आता है. इसी लिये सूत्र ठाणांगजीके तृतीये स्थानमें लिखा है कि, भगवत्का तीन प्रकारसे धर्म है. जैसे कै, सुअधीत्य १, सुध्यान २, सुतप ३. उक्त सूत्रमें भी भगवानका धर्मगु पठन पाठनादिमें ही लिखा है. तथा ठाणांगजी सूत्रमें यह भी कथन है कि तीन स्थानकोंसे महात्मा महा कर्मोंकी निर्जरा करता है. जिसका प्रथम स्थानक यह है कि, कबम अल्प वा बहुत्व श्रुत अध्ययन करुंगा ? भद्र पुरुषो देवते भी पश्चात्ताप करते हैं. क्यों कि तृतीयांगमें लिखा है कि देवता ऐसे निमंत्रा करता है कि, अहो ! आश्चर्य है, मैं बलवान था, पुनः विद्यमान था, मेरा परिपकार परिक्रमभी मुझे क्षमता से भिक्षा मिलतीथी, मेरे आचार्य उपाध्याय भी विद्यमान थे, शरीर निरोग था, शोक है ! फिर भी मैं बहुत श्रुत तो पठन न किया--सो जब देवते भी पश्चाताप करते है तो अविद्वान मनुष्योंका तो क्या ही कहना है. क्यों कि सूत्र उत्तराध्ययनजीके १७ वें अध्यायमें ऐसे कथन किया है कि यदि कोई दिक्षित (साधु) होकर निद्राका ही प्रेमी हो जाय वा भोजन पाणी पीकर शयन ही करता रहे तिसको पापी श्रमण कहा है. क्योंकि दशवैकालिक सूत्रमें लिखा है कि, अन्न--१, पाणी --२, खाद्यम--३, स्वाद्यम--४. यह चार ही प्रकारका आहारको लाकर तथा स्वःधर्मीओंको आमंत्रण करके फिर तिनके साथ आहारादि करके स्वाध्यायमें रक्त होवे तिसका नाम भिक्षु है. श्री श्रमण भगवन्त महावीर देव स्वामि अंग सूत्रोंमें ऐसे भाषण करते हैं कि, हे आर्यो ! विद्या चारित्रसे ही मोक्ष होती है, ननु अन्य कारणोंसे. ठाणांगजी सूत्रमें यह कथन है कि विद्या चारित्रसे ही जीव संसारसे पार होते हैं न नु अन्य पदार्थोंसे. यावत् काल जैन मतमें विद्याकी उन्नति नही होवेगी तावत् काल जैन मत भी उदय भावको

प्राप्त नही होवेगा. देखीये प्रश्नव्याकरण सूत्र वा अनुयोगद्वारजी सूत्रमें द्वादश प्रकारे भाषा कथन करी है. जैसे कि, प्राकृत–१, संस्कृत–२, मागधी–३, शौर सैनी–४, पिशाची–५, अपभ्रंश–६, गद्य पद्य षोडश वचन संधि पद हेतु उणादि क्रिया विधान वर्णस्वर विभक्ति तथा अनुयोगद्वारजी सूत्रमें भाव प्रमानके चार भेद कहे हैं. जैसे कि, समान--१, तद्धित--२, धातु--३, निरुक्ति--४, अथवा अष्ट विभक्तिये स्वौजसादि सुपप्रत्यय तथा संस्कृत प्राकृत यह होवे भाषास्वर मंडलमें गान करी है तथा यह होवे भाषा ऋषि भाषित होनेसे प्रशस्त है ? यावत् अन्य भी सूत्रोंके बहुतसे प्रमान है. उत्तराध्ययनादिके किन्तु सारांश यह है, विद्या अवश्यमेव ही पठन करनी योग्य है. क्योंकि सूत्र जंबु द्वीप प्रज्ञप्तिमें लिखा है कि, ७२ कला पुरुषोंकी, ६४ कला स्त्रीओंकी, १०० प्रकारका शिल्प कर्म ३ यह प्रजाके हितके वास्ते श्री ऋषभदेव भगवान कथन करके फिर दिक्षित हो गये.

सूत्रोंमें गृहस्थ लोगोंके भी षोडश ही संस्कार सिद्ध होते हैं. जैसे कि, गर्भाधान--१, पुंसवन--२, जन्म--३, चन्द्र सूर्य दर्शन--४, क्षीराशन--५, षष्ठी जागरण--६, शुचिकर्म--७, नामकरण--८, अन्न प्राशन--९, कर्णवेध--१०, चूडा कर्म (केश छेदन)--११, उपनयन जिनोपवीत--१२, विद्यारंभ--१३, विवाह--१४, व्रतारोप--१५, अपश्चिम मारणंतिक अंतकर्म--१६, इन संस्कारोंका उववाइक सूत्र, राज प्रश्नेनी सूत्र, आचारांग सूत्र, ज्ञाता धर्म कथांग सूत्र, विवाह प्रज्ञप्ति सूत्र, अंतकृत सूत्र, जंबुद्वीप प्रज्ञप्ति सूत्र. इत्यादि सूत्रोंमें सोलाही संस्कारोंका सुंदर स्वरूप वर्णन किया गया है.

उपनयन संस्कारके पश्चात् विद्यारंभ संस्कार होता है. जैसे देखीये, सूत्र ज्ञाता धर्म कथांगका प्रथमाध्याय मेघकुमारजीका

अधिकार जैसे कि, जब मेघकुमार अष्ट वर्षसे अधिक हो गया तब माता पिताने अर्थात् राजा श्रेणिक व धारणी राणीने जब मेघकुमारको साधिक अष्ट वर्षसे अवलोकन किया तो शोभन तिथ करण दिवस नक्षत्र मुहुर्तको देखकर मेघकुमारको स्नान कराके फिर सर्वालंकार करके महत ऋद्धि युक्त कलाचार्यको अर्पण कर दिया अर्थात् यह राजा परम जैनी था. भगवन वर्द्धमान स्वामिका उपासक था जिसने विद्यार्थ स्वःपुत्रको अध्यापककी शालामें कुमरको विद्यार्थ सत्रर्पण कर दिया फिर जिस अध्यापकने मेघकुमारको सूत्र करके, अर्थ करके, चित्र करकरके ७२ कलायें सिखलाइ. ७२ कलायके यह नाम है:-जैसे कि. लेखक कला-१, गणित कला-२, रुप परावर्तन कला शब्द सर्वत्र जानना कलाका अर्थ विधियुक्त विद्याका सिखना है-३, नृत्य-४. गीत-५, वाद्यंत्र-६, स्वरगत-७, पुष्कर गत-८, समताल-९, द्युत-१०, जनवाद-११, पाशक-१२, अष्टापद-१३ पौर काव्य-१४, दग मृत्तिका—१५, अन्न विधि—१६, पाणि विधि—१७, वस्त्र विधि—१८, विलेपन विधि-१९, शयन विधि-२०, संस्कृत भाषा—२१, मागधि भाषा—२२, गाथा—२३, मागधि भाषा गीत— २४, श्लोक-२५, हिरण युक्ति-२६, सुवर्ण युक्ति—२७, सुगंध युक्ति—२८, चूर्ण युक्ति-२९, आभरण विधि-३०, तरुणि गति कर्म— ३१, स्त्री लक्षण—३२, पुरुष लक्षण-३३, हय लक्षण-३४, गज लक्षण--३५, वृषभ लक्षण--३६, कुर्कुट लक्षण--३७, छत्र लक्षण--३८, चक्र लक्षण--३९, दंड लक्षण-४०, खड्ग लक्षण--४१, मणि लक्षण--४२, कागणि लक्षण--४३, वस्तु विद्या--४४, नगर मान--४५, स्कंधवार मान--४६, चार--४७ प्रति चार -४८, व्युत्क्रमति व्युहम्--४९, चक्र व्युह--५०, गरुड व्युह--५१, शकट व्युह--५२, युद्ध--५३, अति युद्ध--५४, असि

युद्ध--५५, मुष्टि युद्ध--५६, बाहु युद्ध--५७, लता युद्ध--५८, इशस्त्र--५९, क्षुर प्रपात--६०, धनुर्वेद--६१, हिरण पाक--६२, सुवर्ण पाक--६३, मणि पाक--६४, धातु पाक--६५, सूत्र खेड--६६, वृत खेड--६७, नालिका छेद--६८, पत्र छेद्य--६९, कडग छेद-७०, सजीवनिर्जीव करना--७१, शकुन रुत--७२.

तत्पश्चात् कलाचार्यने मेघकुमारको ७२ कला, उक्त विधि युक्त सिखलाकर राजा श्रेणीक व धारणि माताको समर्पण कर दिया. फिर राजाने तिस कलाचार्यको सत्कार युक्त प्रीतिदान दे के विसर्जन किया फिर मेघकुमार अष्टा दश विदेशी भाषाका भी विशारद हो गया. जो निम्न लिखित नाम है:--

खुय चिलात वामण वडभि वरवर व कुश जोणिक प्रश्नविक इषणिय चारु ल्हासा लउसिए द्रविड सिंहलद्वीप आरब पुलिंद पकाणिय मरोंड शवरी पारस इत्यादि विदेशी भाषाका भी पूर्ण विद्वान हो गया.

फिर मेघकुमारका विवाह संस्कार हुवा, फिर दिक्षा संस्कार हुवा, यह प्रसंगसे अत्र लिखा गया है. उक्त संस्कारोंका सूत्रमें अति विस्तार है. प्रिय मित्रो ! यह अध्ययन विधि सूत्रमें वर्णित है. तण्डुल वेतालिक नामक ग्रंथमें लिखा है कि, विशति वर्ष प्रमाण विद्या अध्ययन करे किसि २ ग्रंथमें २५ वर्ष भी लिखे हैं. सूत्रोंमें ६४ कलांय स्त्रीओंकी भी वर्णित है वह भी अध्ययनादि है. फिर देखीये, जिन मार्गकी पुर्व क्या व्यवस्थाथी, अब क्या हो गइ है !

पूर्व कालमें प्रायः आर्यावर्तमें श्री जिनेन्द्र देवजीके शब्दका नाद होता था, सहश्रों मुनि नूतन २ पुस्तक रचते थे, देशमें संप

थां, वर्तमानकालमें प्रायः प्रथम तो जैन मत है ही स्वल्प, पुनः परस्पर द्वेष भाव बहुत है, क्रिया भेद बहुत है. हा ! क्या कष्टका समय है ! हे वर्तमान समय ! यदि तू जैन मतकी पूर्ण प्रकारसे उन्नति नही कर सकता है तो क्यों तू फिर स्थित हो रहा है ?

जैन मतके लिये तो पूर्ववत् समय चाहिये जिस करके पूर्ववत् जैन धर्मका उदय होवे. सो उदयके केवल विद्यासे ही होता है. इस लिये विद्या धर्मकी उन्नति के लिये अवश्य ही पठन करनी चाहीये. विद्याका सार आचार शुद्धि है. इस वास्ते आचार शुद्धि अवश्यही करनी चाहिये.

अथ आचार शुद्धि विषय.

यावत् काल आचारकी शुद्धि नही होती तावत् काल आत्मा विशुद्धि के मार्गसे पराङ्मुख ही रहता है. क्यों कि सदाचारी पुरुष ही धर्मके योग्य होता है, सदाचारी पुरुष ही विद्याके योग्य होता है, सदाचारी ही पुरुष देशका हितैषी होता है, सदाचारी ही पुरुष परोपकार करता है, सदाचारी ही पुरुष मोक्षमें जाता है, सदाचारी ही पुरुष धर्मका महीमाकारक होता है. सदाचारके यह लक्षण है. सदाचारी पुरुष सब व्यसन त्याग देता है जैसे कि, द्युत, मांस, सुरा, वेश्या खेटक कर्म चौर्य परस्त्री. सदाचारी पुरुष अन्यायसे व्यापार नहि करता है, नाहि अन्याय करता है. उत्कोटिक (रिश्वत) भी नही खाता है तथा हिंसक नरोंके साथ व्यापार भी नही करता है. सदाचारी पुरुष सत्य ब्रह्मचर्यको सदा ही पालता है. आत्माको सदा ही ज्ञानसे वह पुरुष शुद्ध करता रहता है.

प्रिय मित्रो ! आचार विशुद्धि अवश्यमेव करनी योग्य है सो

आचार विशुद्धि केवल विद्यासे ही होती है. जिस वास्ते विद्या अव-
श्यमेव ही पठन करनी योग्य है. देखीये, भगवति सूत्रमें क्या ही
सुन्दर स्वरूप लिखा है [illegible] जैसे कि, जो श्रुतसंपन्न जीव है किन्तु
शील (क्रिया) संपन्न नहीं [illegible] वह जीव सर्वाराधिक देश विराधिक
है ! श्रेणिक राजाको ही देखीये. [illegible] गुणस्थानमें [illegible] तीर्थंकर गोत्र
कर्मको बांधा है. जो जीव श्रुत और [illegible] संपन्न है वह सर्वाराधिक ही
है. इसलिए, जैन श्रुतको विद्वानोंने [illegible] [illegible] लिखा है
देखो, [illegible] [illegible] आचार्य [illegible] [illegible] [illegible]
[illegible] मत, [illegible] मत, [illegible] मत, [illegible] सर्वोपरि
पन विद्वानोंने जैन श्रुत [illegible] को परम श्रेष्ठ बतलाया है [illegible]
अवश्य ही पठन करने योग्य है. [illegible] आशा करता हूं कि श्री
जिनेन्द्र देवजीके प्रभावसे श्री संघमें [illegible] ना आचार [illegible]
ही प्रादुर्भूत होवे. जिससे प्रकारसे सर्वाराधिक [illegible] [illegible]
मुक्ति उपलब्ध होवे. जैन धर्मको [illegible] करनेवाला पुरुष [illegible]
[illegible] देव के कहे हुए तत्त्वोंको [illegible] वाले पुरुष सदा ही [illegible]
वर्ग कल्याण, सुखका [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]. [illegible]
अधिकार [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] जीव शीघ्र
ही मोक्षमें गमन करता है.

॥ इति शुभम् ॥